पेज 58

प्रश्न 1:
क्लोरीन, सल्फ़र और मैग्नीशियम की परमाणु संख्या से आप इनकी संयोजकता कैसे प्राप्त करेंगे?

उत्तर 1:
क्लोरीन की परमाणु संख्या = 17
क्लोरीन के परमाणु में इलेक्ट्रॉनों की संख्या = 17
अतः, इलेक्ट्रान-वितरण

K	L	M
2	8	7

क्लोरीन को अपने अंतिम कक्ष M में अष्टक प्राप्त करने के लिए 1 इलेक्ट्रॉन की आवश्यकता है। अतः इसकी संयोजकता 1 है।

सल्फ़र की परमाणु संख्या = 16
सल्फ़र के परमाणु में इलेक्ट्रॉनों की संख्या = 16
अतः, इलेक्ट्रान-वितरण

K	L	M
2	8	6

सल्फ़र को अपने अंतिम कक्ष M में अष्टक प्राप्त करने के लिए 2 इलेक्ट्रॉनों की आवश्यकता है। अतः इसकी संयोजकता 2 है।

मैग्नीशियम की परमाणु संख्या = 12
मैग्नीशियम के परमाणु में इलेक्ट्रॉनों की संख्या = 12
अतः, इलेक्ट्रान-वितरण

K	L	M
2	8	2

मैग्नीशियम को अपने अंतिम कक्ष L में अष्टक प्राप्त करने के लिए 2 इलेक्ट्रॉनों का त्याग करने की आवश्यकता है। अतः इसकी संयोजकता 2 है।